# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे: दो महीने में मुख्य कैरिज-वे बन जाएगा

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग बहुत जल्द एक्सप्रेस-वे पर चलने लगेंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का काम 80 फीसदी पूरा कर लिया गया है। इस एक्सप्रेस-वे के मुख्य कैरिज-वे का काम अगले महीने 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का काम भी सरकार ने तेज करा दिया है। इस एक्सप्रेस-वे का काम भी 40 फीसदी पूरा कर लिया गया है।

मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित प्रोजेक्ट मानीटरिंग ग्रुप की बैठक में उपरोक्त जानकारी दी गई। बैठक में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे तथा डिफेन्स कारिडोर के कामों की समीक्षा की गई।

## 4501 करोड़ के एमओयू

मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निर्माण तेज गति से चल रहा है। उन्होंने बताया कि बंगलुरू में चल रहे एयरो इंडिया-2021 में 4501 करोड़ रुपये निवेश के एमओयू साइन हो रहे हैं, जिससे करीब नौ हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।